जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित

कोटा, (निसं)। जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक जिला कलेक्टर हरिमोहन मीना की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई जिसमें समिति द्वारा उदयपुर घटना की सामूहिक निंदा कर जिले में अमन चैन व शांति बनाये रखकर सोशल मीडिया पर भ्रामक समाचारों को रोकने के लिए समाज में जागृति लाने का प्रस्ताव लिया गया। जिला कलेक्टर ने कहा कि उदयपुर की घटना दुखद है, प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही कर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, कानून सम्मत सजा मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्रिया पर प्रतिक्रिया देते हुए कानून व्यवस्था को अपने हाथ में लेना सभ्य समाज के लिए निन्दनीय है। जागरूक नागरिकों का कर्त्तव्य है कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए

- बैठक में उदयपुर घटना की सामूहिक निंदा की
- सोशल मीडिया पर भ्रामक समाचारों को रोकने के लिए जागृति लाने का प्रस्ताव लिया

युवाओं को सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि कोटा सामाजिक सौहार्द एवं भाईचारे के लिए जाना जाता है इसे हम सबको मिलकर

कोटा में जिला कलेक्टर हरिमोहन मीणा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विधायक पीपल्दा रामनारायण मीना, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कावेन्द्रसिंह सागर आदि मौजूद रहे।

बनाये रखना है। यहां देशभर के लाखों विद्यार्थी कोचिंग प्राप्त करने आते हैं उनकी सुरक्षा तथा विकास को गति देने के लिए सामुहिक प्रयास की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि जिले में कानून की कड़ाई से पालना तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक समाचारों को रोकने के लिए जिला प्रशासन प्रशासन कटिबद्ध है। उन्होंने सभी धर्मों एवं जाति समुदायों में आपसी भाईचारा एवं अमन चैन बनाये रखकर सोशल मीडिया पर जारी भ्रामक एवं शाति को प्रभावित करने वाली सूचनाओं को त्वरित जिला प्रशासन के ध्यान में लाने का आव्हान किया। पुलिस अधीक्षक शहर केसरसिंह ने कहा कि समाज में शांति समिति के सदस्य अमन चैन व भाईचारे के लिए प्रभावी संदेश दे सकते हैं।

उन्होंने कहा कि सभ्य समाज में कानून व्यवस्था को अपने हाथ में लेने की इजाजत किसी को नहीं दी जा सकती। जिले में कानून तोड़ने अथवा भ्रामक संदेशों को फलाने वाले के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। पुलिस द्वारा सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म की निरन्तर निगरानी रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कावेन्द्रसिंह सागर ने कहा कि पुलिस द्वारा गस्त बढ़ा दी गई है, समाज में कोई भी नागरिक कानून व्यवस्था को प्रभावित करेगा या असत्य, भ्रमक खबरें प्रसारित करेगा उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि शांति समिति के सदस्य क्षेत्र में भाईचारा, शांति के लिए सक्रिय रहकर विकास में भागीदार बनें। विधायक पीपल्दा रामनारायण मीना ने उदयपुर की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि जाने-अनजाने में किसी भी संदेश को साम्प्रदायिक रंग देने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही समय पर की जावें। उन्होंने कहा कि सभी लोग एक-दूसरे का सम्मान कर किसी की भी धार्मिक भावनाओं को आहत नहीं करें, प्रबुद्ध नागरिक समाजों में सौहार्द बनाये रखने के लिए सक्रियता से कार्य करें।

खादी बोर्ड के उपाध्यक्ष पंकज मेहता ने जिले में सामाजिक, धार्मिक कटूता पैदा करने वाली गतिविधियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने व धारा 144 की पालना कडाई से कराने का सुझाव दिया। यूआईटी के पूर्व अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने सोशल मीडिया पर निगरानी बढ़ाने, धरना प्रदर्शनों पर रोक लगाने का सुझाव दिया। रामबाबू सोनी ने सजगता बनाये रखकर सोशल मीडिया के माध्यम से शांति व्यवस्था को प्रभावित करने व कानून का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का सुझाव दिया। डॉ. जुर मोहम्मद ने कहा कि कुछ असामाजिक लोग कटूता पैदा करते है ऐसे लोगों पर निगरानी रखी जावें। शहर काजी जुबेर ने उदयपुर की घटना को मानवता के खिलाफ बताते हुए जिम्मेदार नागरिकों को क्षेत्र में निगरानी बनाये रखकर भाईचारा के लिए सक्रियता से कार्य करने की बात कही। जिले भर से आये समिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से उदयपुर की घटना की निंदा कर, सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाऐं रोकने का सुझाव दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त कलेक्टर प्रशासन राजकुमारसिंह, शहर बृजमोहन बैरवा, एएसपी मुख्यालय राजेश मील, आयुक्त नगर निगम उत्तर वासुदेव मालावत सहित अधिकारी गण एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

आज 12 बजे तक बाजार बंद का आव्हान

छबड़ा, (निसं)। स्थानीय भाजपा नेताओं व व्यापार संघ ने उदयपुर में हुई निर्मम हत्या की कड़ी निंदा करते हुए घटना के विरोध में व्यापारियों से गुरूवार को दोपहर 12 बजे तक बाजार बंद रखने का आव्हान किया है।

भाजपा देहात मंडल अध्यक्ष अशोक गौड़ ने बताया कि बुधवार को वरिष्ठ भाजपा नेता हिम्मतसिंह सिंघवी की अध्यक्षता में कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई जिसमें उदयपुर मे कन्हैयालाल टेलर की निर्मम हत्या की कड़ी निंदा करते हुए राज्य में कानून व्यवस्था ठप होने की बात कही गई। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं व व्यापार संघ अध्यक्षों की सहमति से गुरूवार को दोपहर 12 बजे तक बाजार बंद रखने का आव्हान किया गया और एसडीएम को पत्र सौंपा गया। नगर मंडल उपाध्यक्ष परमानंद साहू के अनुसार समस्त भाजपा कार्यकर्ता व व्यापार संघ सदस्य गुरूवार सुबह नौ बजे छत्री चौराहा पर एकत्रित होंगे और व्यापारियों से बंद को सफल बनाने की अपील करेंगे। दोपहर 12 बजे उपखंड कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में चेयरमैन केसी जैन, प्रधान हरिओम नागर, ग्रेन मर्चेंट एसोसिएषन अध्यक्ष रामचंद्र धनोरिया, किराना व्यापार संघ अध्यक्ष जिनेंद्र जैन, सर्राफ संघ के कमलेश सोनी, टिक्कू सोनी, गोविंद तिवारी, मनोज राठौर, सरपंच राजेंद्र खारोल, बनवारी मेहता, गोपाल नागर, सरपंच मानसिंह मीणा, सुनील तेजस्वी, प्रकाशवीर आर्य आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जेईई-मेन 2022 के पहले अटेम्प्ट की परीक्षा संपन्न

कोटा, (निसं)। जेईई-मेन 2022 के पहले अटेम्प्ट की परीक्षा बुधवार को संपन्न हो गई। जेईई-मेन जून अटेम्प्ट के लिए 9.30 लाख से अधिक विद्यार्थी आवेदन किया था। दूसरे अटेम्प्ट की परीक्षा 21 से 29 जुलाई तक होगी। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून रात 9 बजे तक है। दूसरे अटेम्प्ट के लिए करीब 1.19 लाख से अधिक नए विद्यार्थी आवेदन कर चुके हैं।

पहले अटेम्प्ट की परीक्षा के पेपर 23 से 29 जून, 2022 तक दो पारियों में सुबह 9 से दोपहर 12 और दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक आयोजित हुए। पेपर में भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित के कुल 90 प्रश्न शामिल थे। ऑब्जेक्टिव टाइप के 80 में से 70 और न्यूमेरिकल सेक्शन के दस में से पांच सहित कुल 75 प्रश्न करने थे। मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि पहले चरण में आमतोर पर तीनों विषयों में गणित मध्यम रूप से कठिन था। प्रश्नों में फॉर्मूला-आधारित और मिश्रित अवधारणाओं, दोनों का मिश्रण रहा। प्रश्न पत्र लंबा और बीजगणित, 3-डी और कैलकुलस पर जोर रहा। साथ ही सभी अन्य अध्याय भी शामिल थे। भौतिकी का पेपर सामान्य रूप से आसान रहा। अधिकांश प्रश्न कक्षा 11वीं और कक्षा 12वीं के पाठ्यक्रम से थे और विभाजन समग्र रूप से संतुलित था। प्रश्न मैकेनिक्स, थर्मोडायनामिक और इलेक्ट्रो डायनामिक्स जैसे विषयों को कवर करने वाले संख्यात्मक और अवधारणाओं का संयोजन थे। कुछ मुश्किल न्यूमेरिकल प्रश्न जिनमें गणना शामिल थी, भी पूछे गए थे।

दोनों पारियों में छात्रों के लिए रसायन विज्ञान को हल करना अपेक्षाकृत आसान था। यह एनसीईआरटी-आधारित था। भौतिक और कार्बनिक रसायन विज्ञान की तुलना में, अकार्बनिक रसायन विज्ञान को इस बार अधिक वेटेज दिया गया था। पेपर में केमिकल बॉन्डिंग, को ऑर्डिनेशन, जीओसी, इक्विलिब्रियम, मोल कॉन्सेप्ट और स्टेट ऑफ मैटर से जुड़े सवाल सबसे ज्यादा पूछे गए थे। इसके अलावा अधिक संख्या में स्लॉट के कारण हर खंड और स्लॉट में जेईई मेन के विशिष्ट विषय जैसे एनवायर्नमेंटल केमिस्ट्री, रोजमर्रा की जिंदगी में रसायन विज्ञान, मैथमेटिकल रीजनिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल थे। कुछ तकनीकी गड़बड़ियां भी थीं जिनका छात्रों को इंटरफ़ेस, छोटे फान्ट, स्वत: सहेजे गए उत्तर और रिक्त स्क्रीन से संबंधित बाधाओं का सामना भी करना पड़ा।

संभावित कटऑफ : कठिनाई स्तर, इंटरफ़ेस समस्या और व्यक्तिपरक प्रश्नों में नेगेटिव मार्किंग को ध्यान में रखते हुए, जेईई मेन्स 2022 की संभावित कट-ऑफ जेईई मेन्स 2021 की तुलना में कम होने के आसार है। अपेक्षित कटऑफ मार्क्स सामान्य वर्ग के लिए 86.8, अन्य पिछड़ा वर्ग- 67.2, अनुसूचित जाति-44.3, अनुसूचित जनजाति के लिए 31.5 माने जा रहे हैं।पिछले वर्षो के ट्रेंड को देखते हुए जेईई-मेन जून अटेम्प्ट का परिणाम 10 जुलाई तक संभावित है।

सार-समाचार

आज तीन घण्टे बिजली बन्द रहेगी

छबड़ा, (निसं)। छबड़ा क्षेत्र के 132 केवी कोलूखेड़ी जीएसएस पर वार्षिक रखरखाव के चलते जीएसएस से निकलने वाले सभी फीडरों की बिजली आज गुरुवार को 3 घण्टे बन्द रहेगी। सहायक अभियंता मुकेश चौहान के अनुसार गुरुवार को प्रात 06 बजे से 9 बजे तक, 132 कोलूखेड़ी जीएसएस पर वार्षिक रखरखाव के कारण ग्रामीण क्षेत्रों घाटा खेड़ी, केलखेड़ी और कडैयाचोर से निकलने वाले सभी फीडरों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

प्रभारी अधिकारी नियुक्त किये

कोटा, (निसं)। राज्य सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान के उद्देश्य से प्रशासन शहरों के संग अभियान शिविरों का आयोजन 31 मार्च 2023 तक किया जायेगा। जिला कलेक्टर हरिमोहन मीना ने बताया कि प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत आयोजित शिविरों की प्रभावी क्रियान्विति एवं पर्यवेक्षण, मॉनिटरिंग व सुचारू संचालन के लिए शहरी निकाय क्षेत्र में अतिरिक्त कलेक्टर शहर बृजमोहन बैरवा एवं नगर पालिका क्षेत्रों में संबंधित उपखण्ड अधिकारी को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

रिलायबल के श्रेयांस को एआईआर-3 मिली

कोटा, (निसं)। इंडियन मरीटाइम यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित कॉमन एंट्रेंस एग्जाम आईएमयूसीईटी में रिलायबल के क्लासरूम स्टूडेंट श्रेयांस जैन ने अखिल भारतीय स्तर पर रैंक-3 प्राप्त की है। परीक्षा में देशभर के हजारों स्टूडेंट्स शामिल हुए। यह परीक्षा 11 जून को आयोजित की गई, जिसमें 2 घंटे की अवधि में अंग्रेजी, जनरल एप्टीट्यूड, मैथेमेटिक्स, फिजिक्स व कैमेस्ट्री के 200 सवाल पूछे गए। केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में संचालित इस विश्वविद्यालय का उद्देश्य देश को समुद्र क्षेत्र में कार्य के लिए मानवीय श्रम तैयार करना है।

एलन पीएनसीएफ में जुम्बा सेशन आयोजित

कोटा, (निसं)। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के प्री-नर्चर कॅरियर फाउण्डेशन डिवीज़न विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। इसके लिए यहां विभिन्न गतिविधियां समय-समय पर आयोजित की जाती रहती हैं। इसके तहत ही पीएनसीएफ डिवीजन द्वारा जुम्बा सेशन का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 9 व 10 के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सेशन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ का लाभ पहुंचाना था। एलन वाईस प्रेसिडेंट एवं पीएनसीएफ हेड अमित गुप्ता ने बताया कि जुम्बा अपने आप में एक सम्पूर्ण शारीरिक व्यायाम शैली है, जो नृत्य एवं मनोरंजन के साथ शरीर को सक्रीय करता है।

16 वां सांख्यिकी दिवस समारोह मनाया

कोटा, (निसं)। जिला स्तर पर 16 वां सांख्यिकी दिवस समारोह बुधवार को नयापुरा स्थित पंकज होटल में मनाया गया, जिसमें प्रो.पीसी महालनोबिस द्वारा राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणाली, आर्थिक नियोजन एवं विकास में दिए गए योगदान तथा सतत् विकास के लिए डेटा थीम पर चर्चा की।

समारोह में सांख्यिकी सेवा के वर्तमान एवं सेवानिवृत्त तथा सांख्यिकी क्षेत्र से जुड़े अन्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा सहभागिता की गयी। संयुक्त निदेशक संभागीय आयुक्त कार्यालय रामनारायण मालव के मुख्य आतिथ्य तथा संयुक्त निदेशक जेपी महावर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सांख्यिकी के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले कार्यरत एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

उपनिदेशक सांख्यिकी ने बताया कि समारोह में सांख्यिकी निरीक्षक अपीका तस्कीन को सतत् विकास लक्ष्य के लिए डेटा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। संगणक ब्लॉक खैराबाद सोनू कुमार को जनाधार सीडींग एवं प्रशासन गांव की ओर में जनाधार शत-प्रतिशत नामांकन के लिए सम्मानित किया गया। सहायक सांख्यिकी अधिकारी संतोष मीना को ग्राम पंचायत विकास योजना, स्टेट फ्लैगशिप योजना, बजट घोषणा में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। समारोह के बाद सांख्यिकी दिवस को यादगार बनाने के लिए उपनिदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया।

सांख्यिकी दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सेवानिवृत्त कर्मियों को सम्मानित किया गया।

उदयपुर में हमलों के पीछे आतंकी संगठनों की सोची-समझी साजिश : सिंघवी

छबड़ा, (निसं)। विधायक एवं पूर्व मंत्री प्रताप सिंह सिंघवी ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि उदयपुर में हमलों के पीछे आतंकी संगठनों की सोची-समझी साजिश है। इन अपराधियों के तार पाकिस्तान से जुड़े हुए हैं। बड़ी बात यह है कि कन्हैया लाल द्वारा पुलिस में सूचना देने पर भी उसकी जान-माल की सुरक्षा के लिए पुलिस द्वारा कोई कदम नहीं उठाया। इससे सरकार की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हुआ है।

सिंघवी ने कहा कि गहलोत सरकार की तुष्टिकरण नीति के कारण पुलिस उन मामलों में कोई कार्रवाई नहीं करती, जिन मामलों में मुस्लिमों की भागीदारी होती है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री निवास पर हुई रोजा-इफ्तार पार्टी में छबड़ा में सांप्रदायिक दंगों का मुख्य आरोपित भी शामिल हुआ। करौली, भीलवाड़ा व जोधपुर सहित अनेक स्थानों पर हुए दंगों में सरकार ने हिंदुओं के साथ अन्याय किया है।

सरकार ने केवल हिंदुओं के खिलाफ ही जबर्दस्ती कार्रवाई की है। यह कैसी सरकार है जिसके विधायक अपनी ही सरकार के मंत्रियों से मुस्लिम चिकित्सकों के तबादलों पर विवाद कर रहे हैं। तबादलों में भी हिंदू-मुस्लिम करके प्रदेश की गहलोत सरकार ने सारी हदें पार कर दी है।

विधायक एवं पूर्व मंत्री प्रताप सिंह सिंघवी ने मांग की है कि कन्हैया लाल साहू की हत्या के मामले में दोषी पुलिस अधिकारियों और कार्मिकों को बर्खास्त किया जाए, जिन्होंने इस प्रकरण में लापरवाही बरती है। सिंघवी ने गृहमंत्री अमित शाह को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने तुरंत एक्शन लेते हुए एनआईए की टीम को उदयपुर भेज दिया।

रेलकर्मियों ने प्रदर्शन किया

कोटा, (निसं)। केन्द्र सरकार की समयबद्ध रोजगार नीति, निजीकरण, ठेकेदारी प्रथा एवं बिना सामाजिक सुरक्षा के रोजगार प्रदान करने की नीति एवं अग्निपथ अग्निवीर योजना के विरोध में ऑल इण्डिया रेलवेमैन्स फैडरेशन के आव्हन पर वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्पलाईज यूनियन के बैनर तले मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय कोटा में विरोध प्रदर्शन आयोजन किया गया।

वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्पलाईज यूनियन के कोषाध्यक्ष इरशाद खान ने बताया कि हाल ही में केन्द्र सरकार ने रक्षा सेवाओं में बिना सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित किये समयबद्ध रोजगार देते हुये अग्निपथ अग्निवीर योजना लागू करते हुये देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया इस प्रकार की नीति का ऑल इण्डिया रेलवेमैन्स फैडरेशन एवं वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्पलाईज यूनियन इसका विरोध करती है इसके खिलाफ देश भर में रेलकर्मचारियों ने प्रदर्शन करके कोटा मंडल के कई स्टेशनों के साथ मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय कोटा में भी विरोध प्रदर्शन स्वरूप आमसभा आयोजित की गई जिसे यूनियन के कोषाध्यक्ष इरशाद खान, मंडल अध्यक्ष लोकेन्द्र मीणा, सहायक मंडल सचिव नरेश मालव, जोनल उपाध्यक्ष अरविन्द्र सिह, मंडल उपाध्यक्ष गया प्रसाद, प्रदीप शर्मा ने संबोधित कर देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली योजना का विरोध किया। इस अवसर पर एचएस परिहार, संजय चौहान, विशाल वर्मा, अनिल, राजेश गौतम, उमर फारूकी, गौरव कश्यप, ओमप्रकाश राजपूत, पंकज टटवाल, ज्ञान दिक्षित, अनिता शर्मा, बबिता, संतरा, दीपेश ढाका, सत्यवीर हेमन्त, उर्मिला, रेखा, मंशा रोहिड़ा सहित सैकड़ों रेलकर्मचारी उपस्थित थे।

गर्मी व उमस से आमजन हुआ बेहाल

गंगापुर सिटी । गंगापुर सिटी व वजीरपुर उपखण्ड और आसपास के क्षेत्र में मंगलवार रात 14 रूरू बारिश हुई। इससे एक बार लोगों को गर्मी से थोडी राहत मिली, लेकिन सवेरे तेज धूप और उमस से लोग पसीने से तर बतर हो गए। गंगापुर सिटी इलाके में मंगलवार रात को काफी देर तक धूल भरी आंधी चलती रही। रात करीब 9.3० बजे बाद आसमान में काली घटाएं गहराई और बिजलियां कडकने लगी। इसके कुछ देर बाद बारिश का दौर शुरू हो गया। करीब 1 घंटे तक रुक-रुक कर बारिश का दौर चला। इससे पहले गर्मी और उमस से लोग हाल बेहाल हो गए। दिन का अधिकतम तापमान भी 4० डिग्री को पार कर गया और न्यूनतम तापमान भी 35 डिग्री से ऊपर था। लोग गर्मी और उमस से बेहाल थे और पसीने से तर बतर हो गए। मंगलवार रात आखिरकार लंबे इंतजार के बाद बारिश का दौर शुरू हुआ।

पश्चिम मध्य रेल

खुली निविदा सूचना

सं. ईएल/50/एनआईटी/03 (2022-23), दि.: 28.06.2022

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेल, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **(1) निविदा संख्या:** ईएल/50/98/2022-23 **कार्य का नाम:** भरतपुर और महिदपुर रोड-गुड्स शेड, ई एस एम रूम एवं स्टोर में कस्टमर्स फैसिलिटी का डेवलोपेमेंट का विद्युत सम्बंधित कार्य। **अनुमानित लागत:** ₹ 16,56,182.11/- **बयाना राशि:** ₹ 33,100/- **कार्य समाप्ति अवधि:** 06 माह **(2) निविदा संख्या:** ईएल/50/100आर/ 2022-23 **कार्य का नाम:** वर्कशॉप कोटा-सीडब्ल्यूएम ऑफिस, वैगन रिपेयर शॉप कोटा के पीसीओ सेक्शन में वायरिंग और केबलिंग का कार्य। **अनुमानित लागत:** ₹ 2,47,236.00/- **बयाना राशि:** ₹ 5,000/- **कार्य समाप्ति अवधि:** 01 माह **निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समय:** 25.07.2022 को 15.00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे क्र.सं. 1,2 के लिए। ऑफर केवल ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदा दाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुअली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कण्डीशन्स एवं शर्तें अवश्य पढ़ लें।

वरि.मण्डल विद्युत अभियंता (सामान्य), प.म.रे., कोटा

वैक्सीन अवश्य लगवाएं, जीवन के हर सफर को सुरक्षित बनाएं!

बैठक आज

कोटा, (निसं)। शहर में चल रहे विकास कार्यों के संबंध में समन्वय समिति की बैठक जिला कलक्टर हरिमोहन मीना की अध्यक्षता में गुरूवार 30 जून को प्रात: 11:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार आयोजित की जायेगी।

कोटा संभाग में अत्याधुनिक तकनीक से ''बैरिएट्रिक सर्जरी'' पहली बार हुई

कोटा, (निसं)। जिन लोगों में मोटापा अधिक है और इस मोटापे की वजह से वह कई अन्य बीमारियों के शिकार हो रहे हैं, तो ऐसे में बेरिएट्रिक सर्जरी एक रामबाण उपचार के रूप में देखी जा रही है। कोटा संभाग में पहली बार यूएसए में फेलोशिप करने वाले व सर गंगाराम हॉस्पिटल दिल्ली में कंसलटेंट रहे

- एडवांस लेप्रोस्कोपिक बेरियाट्रिक मेटाबॉलिक सर्जन डॉ. रोहित दाधीच ने किया ऑपरेशन
- 40 से 50 किलो वजन होगा कम, सामान्य रूप से जीवन जी सकेगा मरीज

एडवांस लेप्रोस्कोपिक बेरियाट्रिक मेटाबॉलिक सर्जन डॉ. रोहित दाधीच द्वारा अत्याधुनिक तकनीक से एक महिला की सफल बेरिएट्रिक सर्जरी की गई है। बुधवार को डॉ. रोहित दाधीच ने बताया कि अजमेर निवासी 54 वर्षीय महिला पिछले पांच साल से मोटापे की

कोटा संभाग मे पहली बार बेरिऐट्रिक सर्जरी की गई।

वजह से कई तरह की बीमारियों से ग्रस्त थी, उनका बॉडी मास्क इंडेक्स (बीएमआई) 41 था, जो बेहद अधिक था। उन्हें मोटापा कम करने के लिए बेरिएट्रिक सर्जरी की सलाह दी गई, उसके बाद मरीज का 25 जून को कोटा हार्ट व श्रीजी हॉस्पिटल में सफल ऑपरेशन किया गया।

इस दौरान डॉ. रोहित दाधीच के साथ एनेस्थिसिया हैड डॉ. ललित गोयल, एनेस्थिसिया टीम में डॉ. विनय, डॉ. सलोनी, युवराज, योगेन्द्र, सर्जिकल टीम में मोहम्मद आरिफ, रेमाल सिस्टर, लीलाधर व नेत्रपाल का विशेष सहयोग रहा।

डॉ. रोहित ने बताया कि आधुनिक तकनीक के साथ शरीर के उस हिस्से को निकाला गया, जहां अत्यधिक भूख लगने की इच्छा जागृत होती है, पेट का उतना हिस्सा रहने दिया गया जितना आवश्यक था। डॉ. रोहित दाधीच ने बताया कि बेरिएट्रिक सर्जरी करने के बाद मरीज अपना वजन 40 से 50 किलों कम हो सकता हैं। उन्होंने बताया कि कई प्रयासों के बाद भी ओवरवेट को हम कम नहीं कर पाते, ऐसे में बेरियाट्रिक सर्जरी ही एकमात्र सफल उपचार है। सर्जरी के दौरान पेट का वह हिस्सा हटा दिया जाता है जो अत्यधिक खाना खाने के बाद फैलता है और ज्यादा भूख लगती है। डॉ. दाधीच ने बताया कि ऑपरेशन करने में साढे 3 घंटे लगे। ऑपरेशन के बाद मरीज 6 घंटे में ही चलने लगा और दो दिन में ही मरीज अपनी दैनिकचर्या के कार्य करने लगा। डॉ. दाधीच ने बताया कि यह कोटा की पहली ऐसी सर्जरी है जो अत्याधुनिक तकनीक से की गई है, इसमें दूरबीन की सहायता से शरीर में एक-एक सेंटीमीटर के चार छेद किए गए, जिसमें दूरबीन डालकर सर्जरी की गई और अनावश्यक हिस्से को हटाया गया।

उन्होंने कहा कि आमतौर पर बच्चों में भी अब मोटापा ज्यादा देखने को मिल रहा है, फास्ट फूड का सेवन इसका प्रमुख कारण है, साथ ही संतुलित जीवन चर्या करनी होगी तभी मौटापे से बचा जा सकता है।

पाण्डिचेरी विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय- एनएएसी द्वारा "ए" ग्रेड सहित मान्यता प्राप्त)

आर. वेंकटरमन नगर कालापट, पाण्डिचेरी- 605014

प्रवेश 2022-23 (पीजी डिग्री एवं पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम्स)

यह सभी सम्बंधित की सूचना के लिए अधिसूचित किया जाता है कि पोस्टग्रेजुएट डिग्री एवं डिप्लोमा प्रोग्राम्स में प्रवेश राष्ट्रीय परीक्षण एजेन्सी द्वारा आमंत्रित होने वाले कॉमन विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा CUET (पी जी-2022) पर आधारित होंगे।

पोस्टग्रेजुएट प्रोग्राम्स:

एम.ए/ एम.एससी./ एम.कॉम/ एमसीए/ एम.टैक/ एमबीए/ एम.लिब.आई.एससी. (मास्टर ऑफ लाईब्रेरी एण्ड इनफोरमेशन साईंस)/ एम.एड./ एम.पी.एड./ एमएसडब्ल्यू (मास्टर ऑफ सोशल वर्क)/ एमपीए (थियेटर आर्ट्स)/ एलएलएम (1 वर्ष)

पीजी डिप्लोमा कॉर्सेज (पूर्णकालिक)

अभ्यर्थी CUET (PG)-2022 के लिए https://cuet.nta.nic.in/ पर आनलाईन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

पीजी/ पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम्स के लिए आनलाईन आवेदन लिंक विश्वविधालय की कार्यालय वेबसाईट पर भी उपलब्ध होगी।

परीक्षा का आवेदन शुल्क केन्द्र/ शहर, तिथि, अवधि, समय, पद्धति एवं पैटर्न से सम्बंधित सूचना परीक्षण एजेन्सी की कार्यालयी वेबसाईट https://nta.ac.in/ एवं https://cuet.nta.nic.in/ पर उपलब्ध हागी।

अभ्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि नवीनतम अद्यतन के लिए एनटीए की वेबसाईट नियमित चैक करते रहें।

पाण्डिचेरी विश्वविद्यालय पर अकादमिक सत्र 2022-23 के लिए पीजी डिग्री एवं डिप्लोमा प्रोग्राम्स में प्रवेश लेने के इच्छुक उम्मीदवार CUET (PG)-2022 के लिए आवेदन कर सकते है। वे प्रवेश के लिए, पात्रता मापदण्ड, शुल्क विवरण एवं अन्य शर्तों के लिए सूचना विवरणिका का संदर्भ भी ले सकते हैं जो कि विश्वविद्यालय वेबसाईट https://www.pondiuni.edu.in/ admissions-2022-23/ पर उपलब्ध है।

महत्वपूर्ण तिथियां

आवेदन प्रपत्र की आनलाईन प्रस्तुति की विस्तारित अंतिम तिथि	04.07.2022 (05.00 पीएम तक)
क्रेडिट/ डेबिट कार्ड/ नेट बैंकिंग/ यूपीआई के माध्यम से शुल्क के सफल संव्यवहार की अंतिम तिथि	05.07.2022 (11.50 पीएम तक)
आवेदन प्रपत्र के विवरण में सुधार केवल वेबसाईट पर	06.07.2022 से 08.07.2022 (11.50 पीएम तक)

दिनांक: 20 जून 2022 DAVP/21232/12/0001/2223 रजिस्ट्रार (प्रभारी)

www.pondiuni.edu.in